RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

4th Year Anniversary

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ



सुना गैस कम हो गई, बहुत मुबारकबाद।
सेहत अच्छी बनेगी, चालू करें सलाद।
चालू करें सलाद, यही है भोजन सच्चा।
तले-भुने को छोड़, खाइये खाना कच्चा।
कह साहिल कविराय, नहीं रहता मोटापा।
पहले से कम मिला, पेट को जब भी नापा।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 11 | ISSUE 59 | FRIDAY-13-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com



# दिल्ली में गूंजा कनाल रोड पर काटे गए 10 हजार पेड़ों का मामला

# केंद्र सरकार ने मांगी रिपोर्ट, वन विभाग पर जांच का दबाव

## पर्यावरण मंत्रालय ने PCCF पंजाब को भेजी पब्लिक ग्रीवेंस, नियमों के तहत कार्रवाई कर जल्द रिपोर्ट देने के निर्देश

चंडीगढ़ /यूटर्न/ 12 मार्च। जन हितैषी और यूटर्न टाइम समाचार समूह द्वारा सूए को पक्का करने एवं विकास के नाम पर सिधवां कनाल रोड पर 50 से 100 वर्ष पुराने करीब 10 हजार पेड़ों को बेरहमी से काटे जाने का मामला उठाने से अब केंद्र सरकार का ध्यान खींच लिया है। Ministry of Environment, Forest and Climate Change के Forest Protection Division ने एक सार्वजनिक शिकायत पर संज्ञान लेते हुए पंजाब के वन विभाग से विस्तृत जांच कर कार्रवाई रिपोर्ट भेजने को कहा है।

मंत्रालय की ओर से जारी पत्र के अनुसार Public Grievance Registration No. MOEAF/E/2026/0001263 के तहत पंजाब के निवासी रविंदर पाल सिंह घई द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत प्राप्त हुई है। मंत्रालय ने इस शिकायत को पंजाब के प्रधान मुख्य वन संरक्षक (PCCF) और अदिति भारद्वाज AGIF को भेजते हुए कहा है कि मामला राज्य के वन विभाग से संबंधित है, इसलिए इसकी जांच कर नियमों और अधिनियमों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए। पत्र में यह भी कहा गया है कि मामले की जांच के बाद Action Taken Report जल्द से जल्द शिकायतकर्ता और मंत्रालय दोनों को भेजी जाए।

यह निर्देश दिल्ली स्थित इंदिरा पर्यावरण भवन से जारी किया गया है। केंद्र स्तर पर मामला पहुंचने के बाद अब पंजाब के वन विभाग पर इस शिकायत की निष्पक्ष जांच कर रिपोर्ट देने का दबाव बढ़ गया है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार अगर जांच में किसी तरह की अनियमितता या नियमों का उल्लंघन सामने आता है तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई भी हो सकती है।

इस घटनाक्रम के बाद पंजाब के वन विभाग में हलचल बढ़ गई है और अब सभी की नजर आने वाली जांच रिपोर्ट पर टिकी हुई है।

गौरतलब है की पंजाब की आर्थिक राजधानी लुधियाना में विकास और स्मार्ट सिटी के नाम पर पहले ही लाखो पेड़ों का कत्ल कर दिया गया है।

इनमें बड़े कारपोरेट घरानों से लेकर देश की नामी रियल एस्टेट कम्पनिया एवं कई स्थानीय रसूखदार लोग भी शामिल है। जिन्होंने वन विभाग और प्रशासन के भ्रष्ट अधिकारीयों की शह और मिली भगत से कीमती जमीनों के आगे आने वाले वर्षों पुराने पेड़ों को कैमिकल की मदद से सूखा दिया या फिर रातों रात कटवा दिया।

### क्या कहते है बुद्धिजीवी

शहर के बुद्धिजीवियों का कहना है की प्रशासन एवं अधिकारीयों को क्यों नहीं समझ आ रहा है अक्सर बेशकीमती जमीनों के बिकने के बाद ही उनके आसपास और आगे आने वाले वर्षो पुराने पेड़ एकाएक क्यों सुख जाते है।



09:24
Public Grievance Regd No.MOEAF/E/20...

FPD
fpd-moefcc@gov.in

To pccfpunjab

Cc ADITI BHARDWAJ

You


Thursday, 12 March at 09:22

0001263.pdf PDF 56 KB
MOEAF_E_2026_0001263 PDF 765 KB

2 attachments (921 KB) Save attachments

Respected Madam/ Sir,

Please find enclosed herewith a copy of Public Grievance registration Number MOEAF/E/2026/0001263 dated 11/03/2026 received from Shri Ravinder Pal Singh Ghai, Punjab. As the matter is related to State Forest Department of Punjab, I am directed to request you to get the matter examined and take action as per the



09:24
Public Grievance Regd No.MOEAF/E/20...

State Forest Department of Punjab, I am directed to request you to get the matter examined and take action as per the provisions of extant Acts, rules & regulations. The action taken report in this regard may please be communicated to the applicant and this Ministry at the earliest.

With best regards,

Forest Protection Division
Ministry of Environment, Forest and Climate Change
(Government of India)
Indira Paryavarn Bhawan
5th Floor, Agni Wing, Jor Bagh Road
New Delhi-110003
Tel No. 011-20819255





### इन पॉश सड़कों पर काटे दिए गए हजारों पेड़

इनमें कालेज रोड , रानी जैसी रोड , सतपाल मित्तल रोड , सिधवा कनाल रोड जैसी प्रमुख रोड जहाँ कभी सड़क के दोनों तरफ लगे घने ऊँचे पेड़ों के चलते सामान्य शहर के मुकाबले कम टैम्प्रेचर होने से ठंडक का एहसास रहता था वर्तमान और पिछली सरकारों के कार्यकाल में स्मार्ट सिटी के नाम पर बेरहमी से कटवा दिया गया और बड़ी बात यह है की किसी भी राजनेता इसका विरोध करना तो दूर बल्कि विकास बता पीठ थपथपाते आ रहे है। सरकार चाहे तो गूगल मैप के जरिए जाँच कर सकते है

# जगुआर कंपनी को उपभोक्ता को ₹25,000 मुआवजा देने का आदेश, लुधियाना उपभोक्ता आयोग का फैसला, वारंटी के बावजूद सेवा न देने को माना सेवा में कमी

लुधियाना/यूटर्न/ 12 मार्च। डिस्ट्रिक कंस्यूमर डिस्प्यूट निवारण आयोग ने एक महत्वपूर्ण फैसले में Jaquar & Company Pvt. Ltd. को उपभोक्ता को 25,000 का मुआवजा देने का आदेश दिया है। आयोग ने माना कि वारंटी अवधि के दौरान उचित सेवा न देना कंपनी की ओर से सेवा में कमी है। यह शिकायत गुरुदेव नगर निवासी जैन ने कंज्यूमर प्रोटेक्शन Act 2019 की धारा 35 के तहत दायर की थी। शिकायतकर्ता के अनुसार उन्होंने 25 अगस्त 2016 को जगुआर कंपनी का ओवरहेड वाटरफॉल शॉवर लगभग 46,000 में खरीदा था, जिस पर कंपनी की ओर से लंबी अवधि की गारंटी दी गई थी। कुछ समय बाद शॉवर में लीकेज की समस्या आने लगी। शिकायत में बताया गया कि कंपनी के सर्विस प्रतिनिधि ने खराब शॉवर को बदलने का आश्वासन देते हुए अपने पास ले लिया, लेकिन बाद में समस्या का समाधान नहीं किया गया। बार-बार संपर्क करने के बावजूद संतोषजनक कार्रवाई न होने पर शिकायतकर्ता को मजबूर होकर नया शॉवर खरीदना पड़ा और उन्होंने उपभोक्ता आयोग का दरवाजा खटखटाया। मामले की सुनवाई के दौरान आयोग के प्रेजिडेंट संजीव बत्रा और मैंबर मोनिका भगत की पीठ ने पाया कि कंपनी उपभोक्ता को वारंटी के अनुरूप सेवा उपलब्ध कराने में विफल रही। हालांकि आयोग ने यह भी माना कि उत्पाद कई वर्षों तक उपयोग में रहा था, इसलिए पूर्ण राशि लौटाने के बजाय समग्र मुआवजा देना उचित होगा। आयोग ने कंपनी को निर्देश दिया कि वह शिकायतकर्ता को 30 दिनों के भीतर 25,000 का मुआवजा अदा करे। वहीं, तीसरे पक्ष अशोक कुमार एंड कंपनी के खिलाफ आरोप सिद्ध न होने पर शिकायत खारिज कर दी गई।




Jaquar
experience bathing




# प्रॉपर्टी विवाद को लेकर पंजाब के नामी प्रॉपर्टी कारोबारियों में छिड़ा ग्रह युद्ध

लुधियाना/यूटर्न/ 12 मार्च। गल्फ देशो में चली रही वार की बीच पंजाब के नामी प्रॉपर्टी कारोबारियों में भी ग्रह युद्ध छिड़ गया है। जानकारी अनुसार पंजाब की नामी रियल कम्पनी के डायरेक्टर की शिकायत पर 14 लोगो पर मामला दर्ज किया गया। जिस के बाद दिल्ली तक के रियल एस्टेट सैक्टर में चचाएं गर्म है। माननीय कोर्ट के निदेशों पर हुई त्रक्षक में लुधियाना चंडीगढ़ के रसूकदार रियल एस्टेट कारोबारी सहित 13 अन्यों पर नामी कम्पनी के डायरेक्टर ने करोड़ों की ठगी का आरोप लगाया है। हैरानीजनक बात यह है की जिन लोगों पर मामला दर्ज हुआ है उनमें से ज्यादातर रसूकदार एक दूसरे के पारिवारिक एवं वर्षो से नजदीकी है। जिस करण मामले के प्रभाव में आए लोगों में एक दूसरे के प्रति रोष भी देखने को मिल रहा है। वही चचाओं की माने तो इतने लोगो पर एक साथ मामला दर्ज होने से यह वर्तमान समय का सबसे चर्चित किस्सा बन गया है।

4th Year Anniversary
RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM
# यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India
FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS
VOL: 11 | ISSUE 59 | FRIDAY-13-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com












Vinod Thapar
& Darshan Dawar
KNITWEAR CLUB (REGD)



Anand Sikri
& Manoj Rai Dhanda
LUDHIANA JEWELLERS ASSOCIATION



Sudarshan Jain & Ramesh Garg
KNITWEAR & APPAREL MANUFACTURER ASSOCIATION OF LDH



Kamal Chauhan
& Boby Jindal
PUNJAB DYERS ASSOCIATION (TAJPUR ROAD)



Mankar Garg & Ripan Goel
PLASTIC MANUFACTURERS ASSOCIATION



Surinder Sharma
& Gurvinder Singh Gorki
REEA - (REAL ESTATE ENTREPNEUR'S ASSOCIATION)


Gratitude to Hon'ble Industry Minister

# SHRI SANJEEV ARORA

The unveiling of

## PUNJAB'S INDUSTRIAL & BUSINESS POLICY 2026

represents a significant step toward accelerating industrial and commercial growth in the state.
The industry fraternity expresses its heartfelt appreciation to **Hon'ble Industry Minister Shri Sanjeev Arora** for introducing this progressive and investment-friendly policy.

This visionary initiative is poised to attract new investments, create employment opportunities, and further strengthen Punjab's economic foundation.

# शिरोमणि अकाली दल की महिला विंग ने मुख्यमंत्री का पुतला फूंका

## महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी बर्दाश्त नहीं : हरगोबिंद कौर

सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/ 12मार्च। आज शिरोमणि अकाली दल की महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष हरगोबिंद कौर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाएं डिप्टी कमिश्नर ऑफिस के सामने इकट्ठा हुईं और मुख्यमंत्री भगवंत मान का पुतला फूंका।



महिलाओं को संबोधित करते हुए हरगोबिंद कौर ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री महिला दिवस पर लड़कियों के कॉलेज में भाग लेने लुधियाना गए थे। लड़कियों को कोई गाइडेंस देने या उन्हें किसी कॉलेज या यूनिवर्सिटी के बनने के बारे में बताने, सरकार के बनाए कॉलेजों और यूनिवर्सिटी के बारे में बताने या उनकी नौकरियों या महिलाओं की सुरक्षा के लिए सरकार के किए गए इंतजामों की जानकारी देने के बजाय, लड़कियों को अपनी पत्नी से अपने प्यार के बारे में बताने और 'भाभी, भाभी', 'पीला पाकिस्तानी झंडा' जैसे शब्दों का इस्तेमाल करने और लड़कियों के सामने अपने पद की गरिमा को गिराने के बजाय, जो मंजूर नहीं है। महिला अकाली दल ने मांग की कि पहले भी उनके मंत्री, MLA महिलाओं और बच्चों के साथ कई गलत कमेंट्स और गलत कामों में शामिल थे। उन्हें भी बचाया गया और अब खुद मुख्यमंत्री भी ऐसी हरकतें करके खुद को बचा रहे हैं, उन्होंने कहा कि महिला अकाली दल मांग करता है कि मुख्यमंत्री के खिलाफ कार्रवाई की जाए और उनका इस्तीफा लिया जाए, इसी नारे के साथ नेशनल महिला कमीशन और माननीय हाई कोर्ट इस पर कार्रवाई करे।

आज के विरोध प्रदर्शन में बलविंदर कौर, पूर्व जिला अध्यक्ष बठिंडा, जोगिंदर कौर, SGPC सदस्य, मंदीप कौर, अध्यक्ष ब्लॉक समिति, जसकरन कौर, वरिष्ठ नेता, रूपिंदर कौर, किरणपाल कौर, अमनदीप कौर, जीदा, मनजीत कौर, शरण कौर, सतविंदर कौर, आदि नेता शामिल हुए।

# मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में शहरी स्थानीय निकाय विभाग की हाई पावर्ड वर्क्स परचेज कमेटी की बैठक संपन्न

हरियाणा /यूटर्न/ 12 मार्च। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में चंडीगढ़ में शहरी स्थानीय निकाय विभाग की हाई पावर्ड वर्क्स परचेज कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के विभिन्न नगर निकायों से जुड़े स्वच्छता एवं ठोस कचरा प्रबंधन से संबंधित कार्यों के टेंडर रेट्स को स्वीकृति प्रदान की गई।बैठक में स्वीकृत किए गए विभिन्न कार्यों के टेंडरों की कुल लागत लगभग 90 करोड़ 66 लाख रुपये है। टेंडर प्रक्रिया के दौरान की गई नेगोशिएशन के माध्यम से लगभग 4 करोड़ 17 लाख रुपये की बचत सुनिश्चित की गई है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में चंडीगढ़ में शहरी स्थानीय निकाय विभाग की हाई पावर्ड वर्क्स परचेज कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में



प्रदेश के विभिन्न नगर निकायों से जुड़े स्वच्छता एवं ठोस कचरा प्रबंधन से संबंधित कार्यों के टेंडर रेट्स को स्वीकृति प्रदान की गई।बैठक में स्वीकृत किए गए विभिन्न कार्यों के टेंडरों की कुल लागत लगभग 90 करोड़66 लाख रुपये है। टेंडरप्रक्रिया के दौरान की गई नेगोशिएशन के माध्यम से लगभग 4 करोड़ 17 लाख रुपये की बचत सुनिश्चित की गई है। बैठक के दौरान नगर परिषद गोहाना में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, कचरे के पृथक्करण तथा प्रोसेसिंग साइट तक परिवहन, नगर परिषद पलवल में ठोस कचरे के प्रोसेसिंग कार्य, नगर निगम करनाल में पुराने (लीगेसी) कचरे के बायो-रिमेडिएशन, नगर निगम हिसार के एचएसवीपी सेक्टरों में सड़क सफाई तथा नगर निगम हिसार क्षेत्र में सड़कों की मशीनीकृत और मैनुअल सफाई से संबंधित कार्यों के लिए टेंडर रेट्स को मंजूरी दी गई। इसके अलावा नगर परिषद पलवल में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, पृथक्करण तथा प्रोसेसिंग साइट तक परिवहन से जुड़े कार्यों को भी स्वीकृति प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन कार्यों के टेंडर स्वीकृत किए गए हैं, उन्हें निर्धारित मानकों और टेंडर में दी गई सभी तकनीकी स्पेसिफिकेशन्स के अनुरूप पूरी गुणवत्ता के साथ लागू किया जाए।




# हरियाणा में दिखने लगा युद्ध का असर, गैस स्लैंडर न मिलने से लोग हो रहे परेशान

चंडीगढ़/यूटर्न/ 12मार्च। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव का असर अब हरियाणा में भी देखने को मिल रहा है। महेंद्रगढ़ में गैस एजेंसियों के बाहर कतारें लगी नजर आ रही हैं। लोगों में यह डर है कि कहीं गैस की किल्लत न हो जाए, जिसके चलते बड़ी संख्या में उपभोक्ता गैस बुकिंग और सिलेंडर लेने के लिए एजेंसियों पर पहुंच रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस बुकिंग में काफी दिक्कत आ रही है। कई बार फोन करने के बाद भी बुकिंग नहीं हो पा रही और सर्वर की समस्या के कारण लोगों को बार-बार कोशिश करनी पड़ रही है। कुछ उपभोक्ताओं ने बताया कि पहले महीने में दो सिलेंडर मिल जाते थे, लेकिन अब नियम बदलने के बाद एक ही सिलेंडर मिल रहा है, जिससे खासकर शहरों में ज्यादा परेशानी हो रही है। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि फिलहाल ज्यादा घबराने की जरूरत नहीं है और जल्द ही स्थिति सामान्य हो जाएगी। उनका कहना है कि लोगों के पैनिक होने से ही भीड़ और समस्या बढ़ रही है। गैस एजेंसी संचालक अनिल ने बताया कि कंपनी की ओर से गैस सप्लाई में करीब दस से पंद्रह प्रतिशत की हल्की कमी आई है, लेकिन मुख्य समस्या लोगों की घबराहट के कारण एक साथ ज्यादा बुकिंग होने से सर्वर ओवरलोड होने की है। उन्होंने कहा कि गैस की गाड़ियां रोजाना आ रही हैं और बुकिंग के तीन से चार दिन के अंदर उपभोक्ताओं को सिलेंडर मिल रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार के नियम के अनुसार अब पिछले सिलेंडर की सप्लाई के पच्चीस दिन बाद ही नई बुकिंग की जा सकती है। फिलहाल कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई रोक दी गई है, जबकि घरेलू गैस की सप्लाई जारी है। महेंद्रगढ़ के डीसी मनोज कुमार ने स्पष्ट किया कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है। उन्होंने विभाग को निर्देश दिए हैं कि कहीं भी कालाबाजारी न हो और घरेलू गैस का गलत इस्तेमाल न किया जाए।

# बिना नंबर के बाइक पर चिट्टा बेचने आए दो युवक काबू, 6 ग्राम हेरोइन बरामद

जगरांव/यूटर्न/12/मार्च। थाना सिधवां बेट की पुलिस ने दूसरे ज़िले से हेरोइन सप्लाई करने आए दो व्यक्तियों को काबू करने में सफलता हासिल की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अरूकगुरसेवक सिंह की टीम सिविल अस्पताल सिधवां बेट के गेट के पास मौजूद थी। मुखबिर ने सूचना दी कि सुखदेव सिंह उर्फ सुक्ख और नवजीत सिंह उर्फ लब्बू (दोनों निवासी ज़िला जालंधर) बिना नंबर वाले बाइक पर सवार होकर नहर की पटरी के रास्ते सिधवां बेट की ओर आ रहे हैं। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए नहर पुल सिधवां बेट की जंडी साइड वाली कच्ची पटरी पर नाकाबंदी कर दी और दोनों को बाइक सहित दबोच लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से 6 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस द्वारा नामजद व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगामी जांच की जा रही है।

# ड्यूक इंडिया लिमिटेड ने लॉन्च किया Summer Edit-2026 कलेक्शन

लुधियाना /यूटर्न/ 12 मार्च। प्रसिद्ध परिधान कंपनी ड्यूक इंडिया लिमिटेड ने अपने नए समर कलेक्शन को लॉन्च करने की घोषणा की है। कंपनी के अनुसार यह कलेक्शन आधुनिक भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, जिसमें अंतराष्ट्रीय फैशन ट्रेंड्स को हल्के, आरामदायक और सांस लेने योग्य फैब्रिक्स के साथ जोड़ा गया है। कंपनी



ने बताया कि इस समर कलेक्शन में पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिए ट्रेंडी और आरामदायक कपड़ों की विस्तृत रेंज शामिल है। इसमें टी-शर्ट, शर्ट, ट्राउजर, बरमूडा, कैप्री, लोअर्स, डेनिम, टॉप्स, जेगिंग्स, एक्टिववियर, स्पोर्ट्सवियर, एक्सेसरीज और फुटवियर जैसे कई वार्डरोब एसेंशियल्स उपलब्ध हैं। प्रीमियम कॉटन और प्राकृतिक फैब्रिक्स से तैयार किए गए ये परिधान गर्मियों में बेहतर एयरफ्लो और अधिकतम आराम प्रदान करते हैं। कंपनी के निदेशक कुंतल राज जैन ने कहा कि ड्यूक का उद्देश्य हमेशा ग्राहकों की जरूरतों को समझते हुए उन्हें उनकी लाइफस्टाइल के अनुसार किफायती और स्टाइलिश फैशन उपलब्ध कराना रहा है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी ऐसे फैशन विकल्प चाहती है जो अंतराष्ट्रीय ट्रेंड्स से प्रेरित हों और साथ ही गुणवत्ता व किफायत भी बनाए रखें।

1966 में स्थापित ड्यूक इंडिया लिमिटेड ने भारत के रेडीमेड गारमेंट उद्योग में एक मजबूत पहचान बनाई है। कंपनी का वितरण नेटवर्क देशभर में 4000 से अधिक मल्टी-ब्रांड आउटलेट्स और 400 से ज्यादा एक्सक्लूसिव स्टोर्स तक फैला हुआ है।

## मोहाली में Infosys का नया कैंपस, 2700 युवाओं को मिलेगा रोजगार: भगवंत मान




सोनीपत/यूटर्न/12/मार्च। पंजाब में औद्योगिक विकास को नई गति देने के प्रयासों के तहत मोहाली में Infosys का नया कैंपस स्थापित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि 286 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह कैंपस 2700 युवाओं को सीधे रोजगार प्रदान करेगा, जबकि हजारों लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर मिलेंगे।

उन्होंने बताया कि मार्च 2022 से अब तक पंजाब सरकार को 1.55 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनसे लगभग 5.44 लाख युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में उद्योग-अनुकूल नीतियों और बेहतर माहौल के कारण वैश्विक निवेशकों का भरोसा बढ़ा है और पंजाब फिर से निवेश के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है।

इसी कड़ी में 'प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन 2026' का आयोजन 13 से 15 मार्च तक एसएएस नगर (मोहाली) स्थित Plaksha University में किया जाएगा। यह जानकारी उद्योग, वाणिज्य और निवेश प्रोत्साहन मंत्री Sanjeev Arora ने दी।

उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय सम्मेलन में 89 विशेष सत्र आयोजित होंगे, जिनमें यूनाइटेड किंगडम, जापान और दक्षिण कोरिया पर केंद्रित चर्चाएं भी शामिल होंगी।

सम्मेलन में एमएसएमई, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़े मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। सरकार को उम्मीद है कि इस आयोजन से पंजाब में निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

## नेस्ले समालखा में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समापन; कारखाने में सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को किया सुदृढ़



सोनीपत/यूटर्न/12/मार्च। सुरक्षा और कल्याण के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, नेस्ले इंडिया लिमिटेड ने 11 मार्च को अपने समालखा कारखाने में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह 2026 का समापन किया। इस दौरान विभिन्न प्रशिक्षण सत्रों, जोखिम पूर्वानुमान गतिविधियों और मॉक ड्रिल्स का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह 4 से 11 मार्च, 2026 तक मनाया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व नेस्ले समालखा के कारखाना प्रबंधक श्री हितेश जैन ने किया, जिन्होंने कर्मचारियों को सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल और सर्वोत्तम प्रथाओं का पालन करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो सुरक्षित और स्वस्थ कार्यस्थल को बढ़ावा देने के लिए कारखाने के सामूहिक समर्पण को दर्शाता है। पूरे सप्ताह के दौरान, कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षक नियमों, अग्नि सुरक्षा उपायों और कार्यस्थल संस्कृति तथा दैनिक जीवन दोनों में सुरक्षा और स्वास्थ्य को एकीकृत करने जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर केंद्रित विभिन्न जागरूकता पहलों के माध्यम से जागरूक किया गया।

समालखा फैक्ट्री सुरक्षा को एक प्रमुख मूल्य के रूप में प्राथमिकता देती है, यह सुनिश्चित करते हुए कि प्रत्येक कर्मचारी प्रतिदिन सुरक्षित घर लौटे और साथ ही जिम्मेदारी और देखभाल की संस्कृति को बढ़ावा दे।

## सुखमनी ग्रुप के खिलाफ मजदूरों का रोष मार्च, सैकड़ों श्रमिकों ने बाजारों में की नारेबाजी

### मांगें न मानी गईं तो 18 मार्च को सुखमनी कॉलेज का घेराव कर लगाया जाएगा पक्का मोर्चा



डेराबस्सी/यूटर्न/ 12मार्च। सुखमनी इंटरनेशनल स्कूल (सुखमनी ग्रुप) की मैनेजमेंट द्वारा 15 स्थायी कर्मचारियों को कथित तौर पर नौकरी से निकाले जाने के विरोध में गुरुवार को 'शिक्षा संस्थान वर्कर यूनियन एटक' और अन्य सहयोगी संगठनों की ओर से डेराबस्सी में रोष रैली निकाली गई। सैकड़ों मजदूरों ने बस स्टैंड से एसडीएम कार्यालय तक पैदल मार्च करते हुए पंजाब सरकार, श्रम विभाग और स्कूल प्रबंधन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम के माध्यम से पंजाब के मुख्यमंत्री के नाम एक मांग पत्र भी सौंपा। यूनियन नेताओं का आरोप है कि प्रबंधन ने 20 से 25 वर्षों से काम कर रहे स्थायी कर्मचारियों को हटाकर ठेकेदारी व्यवस्था लागू करने की कोशिश की है, जो श्रम कानूनों का उल्लंघन है।

रैली को संबोधित करते हुए पंजाब एटक के उपाध्यक्ष विनोद चुघ ने कहा कि प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों को नौकरी से निकालना पूरी तरह गैरकानूनी है। उन्होंने मांग की कि निकाले गए कर्मचारियों को तुरंत बहाल किया जाए, वर्ष 2014 से 2024 तक का बकाया वेतन दिया जाए और 2013 में हुए समझौते के अनुसार कर्मचारियों के बच्चों की मुफ्त शिक्षा जारी रखी जाए।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 18 मार्च तक कर्मचारियों को वापस ड्यूटी पर नहीं लिया गया तो उसी दिन सुबह 11 बजे बस स्टैंड से एकत्र होकर सुखमनी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज का घेराव किया जाएगा और वहां मांगें पूरी होने तक पक्का मोर्चा लगाया जाएगा।

इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन लखोवाल के कर्म सिंह बरौली और रणजीत सिंह, कुल हिंद किसान सभा मोहाली के महासचिव सुरिंदर सिंह जड़ोत, पीआरटीसी वर्कर यूनियन के अध्यक्ष जगतार सिंह बौटौली, पावरकॉम टास्को यूनियन के अध्यक्ष एकम सिंह सिद्धू तथा बिजली बोर्ड पेंशनर यूनियन जीरकपुर के अध्यक्ष राजिंदर सिंह सहित कई संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया।

वक्ताओं ने कहा कि मजदूरों के साथ किसी भी तरह का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और विभिन्न संगठनों को साथ लेकर इस संघर्ष को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आगामी मोर्चे में बड़ी संख्या में संगठन शामिल होकर मजदूरों का साथ देंगे। रैली में यूनियन प्रधान जोगा सिंह, महासचिव सतविंदर सिंह, उपप्रधान कमलजीत सिंह, चेयरमैन बलजीत सिंह समेत विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में मजदूर मौजूद रहे। नेताओं ने प्रशासन से मांग की कि प्रबंधन पर दबाव बनाकर मजदूरों को न्याय दिलाया जाए, अन्यथा आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## गेट रैली कर कर्मचारियों का जोरदार प्रदर्शन, तीखे संघर्ष की चेतावनी: अध्यक्ष अरुण गिल



जगरांव/यूटर्न/12/मार्च। नगर परिषद जगरांव में आज संघर्ष के दूसरे दिन कर्मचारियों ने गेट पर रैली निकालकर जोरदार नारेबाजी की। इस गेट रैली में नगर काउंसिल जगरांव की सभी शाखाओं के कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कर्मचारियों ने 10 साल की पॉलिसी की प्रतियां जलाकर पंजाब सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस मौके पर यूनियन के प्रधान अरुण गिल ने बताया कि यह दो दिवसीय संघर्ष पंजाब मुलाजिम एक्शन कमेटी के आह्वान पर किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि अब भी पंजाब सरकार उनकी मांगों पर ध्यान नहीं देती और उनसे मिलने का समय नहीं दिया जाता, तो आने वाले समय में पंजाब मुलाजिम एक्शन कमेटी को तीखा संघर्ष करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि नगर काउंसिल जगराओं की सभी शाखाओं के कर्मचारी बड़ी संख्या में इस संघर्ष में शामिल होकर अपनी समस्याओं के समाधान के लिए योगदान देंगे।

इस अवसर पर यूनियन के सचिव राजिंदर कुमार, सीवरेज यूनियन प्रधान राज कुमार, क्लेरिकल स्टाफ के क्लर्क दविंदर सिंह, नवजीत कौर, गगन खुल्लर, अमन कौर, विशाल टंडन, मनी धालीवाल, नरिंदर सिंह, हीरा सिंह, हरदीप ढोलन, जगमोहन सिंह, फायर ब्रिगेड से दीप सिंह, भगत सिंह सोनी ढिल्लों, इलेक्ट्रिक विभाग से जसप्रीत सिंह, हरीश कुमार, बलविंदर कल्याण, डिंपल, श्याम लाल चिंडालिया, सनी सुंदर, सुरजीत सिंह, सुखविंदर सिंह, संदीप कुमार, भूषण गिल, बिक्रम गिल सहित समूचा स्टाफ मौजूद रहा।




# सलाहकार परिषद की बैठक में कमलजीत सिंह पंछी ने उठाए शहर से जुड़े अहम मुद्दे



चंडीगढ़/यूटर्न/ 12 मार्च। प्रशासक की सलाहकार परिषद के सदस्य कमलजीत सिंह पंछी ने गुरुवार को सेक्टर-10 स्थित होटल माउंटव्यू चंडीगढ़ में आयोजित परिषद की बैठक में शहर के निवासियों और व्यापारियों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। उन्होंने चंडीगढ़ में खाली पड़े बूथों की नीलामी, शेयर-वार संपत्ति पंजीकरण बहाल करने और स्मार्ट पार्किंग प्रणाली लागू करने की मांग की।

## शेयर-वार संपत्ति पंजीकरण बहाल करने की मांग

पंछी ने कहा कि फरवरी 2023 से चंडीगढ़ एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा शेयर-वार संपत्ति पंजीकरण पर रोक लगाए जाने से शहर के कई संपत्ति मालिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से लोगों के लिए अपनी संपत्ति का प्रबंधन, हस्तांतरण और नियमितीकरण मुश्किल हो गया है। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि प्रभावित लोगों को राहत देने के लिए शेयर-वार संपत्ति पंजीकरण की प्रक्रिया को जल्द से जल्द बहाल किया जाए।

## स्मार्ट पार्किंग सिस्टम लागू करने की भी उठाई मांग

बैठक में पंछी ने चंडीगढ़ में स्मार्ट पार्किंग परियोजना के लंबे समय से लंबित होने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि बार-बार घोषणाओं के बावजूद शहर में अभी तक इस परियोजना को पूरी तरह लागू नहीं किया गया है। उनका कहना था कि सेक्टर-17 सहित कई बाजारों में पार्किंग व्यवस्था अव्यवस्थित है।

# बठिंडा में अवैध बिल्डिंग पर चला बुलडोजर, ड्रग्स मामले में आरोपी की संपत्ति गिराई



पंजाब /यूटर्न/ 12 मार्च। पंजाब के बठिंडा जिले में सिविल लाइंस, सब-डिवीजन सिटी-2 क्षेत्र में सिविल प्रशासन ने अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक गैर-कानूनी बिल्डिंग को बुलडोजर से गिरा दिया। यह बिल्डिंग जिशान अली उर्फ ह्लकैप्सूलह्व, पुत्र मोहम्मद शाह, निवासी गली नंबर 16/1 धोबियाना बस्ती, बठिंडा द्वारा बनाई गई थी। प्रशासन के अनुसार यह निर्माण गैर-कानूनी तरीके से किया गया था और इसे हटाने के लिए पहले भी कई बार नोटिस जारी किए गए थे।

डिप्टी कमिश्नर-कम-मजिस्ट्रेट के निदेर्शों के बाद कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे। इसके बाद सिविल प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर बिल्डिंग को ध्वस्त कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि कब्जाधारियों को पहले ही जगह खाली करने के लिए चेतावनी दी गई थी, लेकिन आदेशों की अवहेलना के कारण यह सख्त कदम उठाना पड़ा।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

Guardian नाबालिग की संपत्ति कैसे प्रबंधित करता है? जब किसी नाबालिग के नाम संपत्ति होती है, तो उसका प्रबंधन किसी Guardian द्वारा किया जाता है। Guardian का मुख्य कर्तव्य है—Minor की संपत्ति की सुरक्षा और उसका उचित उपयोग। Guardian दो प्रकार के हो सकते हैं। पहला Natural Guardian, जैसे पिता या माता। दूसरा Court-appointed Guardian, जिसे अदालत नियुक्त करती है, जब प्राकृतिक अभिभावक उपलब्ध न हो या विवाद हो। Guardian को यह अधिकार होता है कि वह Minor की संपत्ति से जुड़े सामान्य प्रशासनिक निर्णय ले सके—जैसे किराया लेना, संपत्ति की देखभाल करना या उससे प्राप्त आय का उपयोग Minor के हित में करना। लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि Guardian की शक्तियाँ सीमित होती हैं। वह Minor की अचल संपत्ति को बेचने, गिरवी रखने या स्थायी रूप से हस्तांतरित करने का निर्णय बिना अदालत की अनुमति के नहीं कर सकता। यदि Guardian Minor की संपत्ति का दुरुपयोग करे, तो अदालत हस्तक्षेप कर सकती है और Guardian को हटाकर नया Guardian नियुक्त कर सकती है।

निष्कर्ष: Guardian संपत्ति का मालिक नहीं, बल्कि संरक्षक होता है। उसका दायित्व केवल प्रबंधन और संरक्षण है, स्वामित्व नहीं।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### मुश्किल परिस्थिति में मन को शांत रखने के नुस्खे

जीवन में कई बार ऐसी परिस्थितियाँ आती हैं जब मन बहुत परेशान और तनावग्रस्त हो जाता है। ऐसी मुश्किल स्थिति में मन को शांत रखना बहुत आवश्यक होता है, क्योंकि शांत मन से ही हम सही निर्णय ले सकते हैं। सबसे पहले हमें गहरी साँस लेने की आदत डालनी चाहिए। जब भी तनाव महसूस हो, धीरे-धीरे गहरी साँस लें और छोड़ें। इससे मन और शरीर दोनों कोआराम मिलता है। दूसरा, सकारात्मक सोच बनाए रखना बहुत जरूरी है। हमें यह विश्वास रखना चाहिए कि हर समस्या का समाधान होता है। नकारात्मक विचारों से दूर रहकर अच्छे और प्रेरणादायक विचारों पर ध्यान देना चाहिए। तीसरा, कुछ समय के लिए उस समस्या से ध्यान हटाकर किसी पसंदीदा काम में लग जाना भी मददगार होता है, जैसे संगीत सुनना, किताब पढ़ना या टहलने जाना। इसके अलावा, अपने परिवार या मित्रों से बात करना भी मन को हल्का कर देता है। अपनी परेशानी साझा करने से समाधान ढूँढना आसान हो जाता है। नियमित रूप से योग और ध्यान करने से भी मन शांत और संतुलित रहता है। इस प्रकार, धैर्य, सकारात्मक सोच औरस्वस्थ आदतों की मदद से हम कठिन परिस्थितियों में भी अपने मन को शांत रख सकते हैं और समस्याओं का सही समाधान ढूँढ सकते हैं।

# नाबार्ड द्वारा 'ग्रामीण भारत महोत्सव - प्रदर्शनी एवं बिक्री' का आयोजन 13 से 22 मार्च तक चंडीगढ़ के सेक्टर-34 में



चंडीगढ़/यूटर्न/ 12मार्च। नाबार्ड (राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक) के हरियाणा क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा ह्लग्रामीण भारत महोत्सव झ्र प्रदर्शनी एवं बिक्रीह्व का आयोजन 13 से 22 मार्च तक चंडीगढ़ के सेक्टर-34 स्थित एग्जीबिशन ग्राउंड में किया जाएगा। 10 दिवसीय प्रदर्शनी एवं बिक्री महोत्सव में भारत की समृद्ध ग्रामीण विरासत, पारंपरिक शिल्प और हथकरघा उत्पादों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। प्रदर्शनी प्रातः 10:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक लगाई जाएगी। इस महोत्सव में देश के 20 राज्यों से आए कारीगरों, बुनकरों, स्वयं सहायता समूह (SHG) की महिलाओं तथा किसानों द्वारा लगभग 40 स्टॉल लगाए जाएंगे। इन स्टॉलों पर उत्पाद बिक्री के लिए भी उपलब्ध रहेंगे। इस प्रदर्शनी में नागरिकों को विभिन्न प्रकार के ग्रामीण उत्पाद देखने और खरीदने का अवसर मिलेगा। इनमें मधुबनी एवं गोंड पेंटिंग्स, डोकरा कला, बांस एवं बेंत के उत्पाद, फुलकारी, पश्मीना, होम फर्निशिंग और सिल्क वस्त्र जैसे पारंपरिक शिल्प विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इसके अतिरिक्त जैविक मसाले, अचार और ड्राई फ्रूट्स जैसे उत्पाद भी उपलब्ध होंगें। विभिन्न प्रदेशों के पकवानों की स्टॉल भी लगाई जाएंगी।

# 10 नशीली गोलियों सहित एक व्यक्ति काबू

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/12/मार्च। लुधियाना देहाती पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिटी रायकोट की पुलिस ने एक व्यक्ति को मेडिकल नशे सहित काबू किया है। जांच अधिकारी अरककुलदीप सिंह अपनी पुलिस पार्टी के साथ संदिग्ध लोगों की चेकिंग के संबंध में लेबर चौक रायकोट में मौजूद थे। इसी दौरान उन्हें एक खास मुखबिर से गुप्त सूचना मिली कि परदीप सिंह उर्फ दीपू (निवासी जोहलां रोड, रायकोट) नशीली गोलियां बेचने का आदी है और आज भी वीवा कैम फैक्ट्री के पास ग्राहकों को सप्लाई देने आया हुआ है।

पुलिस ने सूचना मिलते ही तुरंत रेड की और उक्त व्यक्ति को मौके पर ही काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 10 नशीली गोलियां बरामद हुई। पुलिस ने नामजद व्यक्ति के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर आगामी कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सतलुज क्लब में जाली शिक्षा डिग्री के आधार पर मेम्बरशिप मामले ने पकड़ा तूल

## सत्तधारी और विपक्षी राजनेताओं पर गिर सहती है गाज, प्रेजिडेंट पर टिकी निगाहें

लुधियाना /यूटर्न/ 12 मार्च। सरकारी सतलुज क्लब में जाली शिक्षा डिग्री एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर मैंबरशिप लेने वाला का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। हालाँकि हर दो वर्ष बाद मैनेजिंग कमेटी के चयन हेतु होने वाले चुनावों के कारण सतलुज क्लब वैसे ही विवादों में बना रहता है। ऐसे में चर्चाओं अनुसार क्लब की मैनेजमेंट कमेटी को किसी व्यक्ति द्वारा ईमेल के जरिए कुछ मैंबरों द्वारा जाली एवं फोर्ज्ड डिग्री के आधार पर मैम्बर शिप लेने की गुप्त जानकारी दी। जिसकी आंतरिक जाँच में कई मैम्बरों के केस में गुप्त सूचना सही पाई गई। जिसकी जानकारी सभी मैंबरों में आग से भी तेज फैलती नजर आई। वही जानकारों की माने तो जाली डिग्री की आग केवल एका दुका मैंबरों तक ही नहीं बल्कि राजनितिक गलियारे को भी छूती नजर आ रही है। चर्चा है की क्लब की मैंबरशिप का आनंद ले रहे कई राजनेता भी इससे अपना दामन नहीं बचा सकेंगे। अब देखना होगा की यह नियम आम कारोबारी मैम्बर एवं राजनेता मैम्बर के लिए एक सामान






रहेंगे या मौके अनुसार किया जाएगा सभी की नजरें क्लब के प्रेजिडेंट एवं डीसी हिमांशु जैन पर टिकी है क्योकि आखिरी फैंसला उन्ही का होगा।

### आप का क्या होगा जनाब-ए-आली ?

क्लब के सविधान की माने तो किसी भी मैम्बर को ग्रेजुएट होना अनिवार्य है। ऐसे में कई सत्ताधारी और विपक्षी राजनेता भी क्लब के महत्वपूर्ण मैंबर बताए जा रहे है जिनकी सरकारी प्लेटफॉर्म पर एजुकेशन सार्वजनिक तौर पर आठवीं एवं दसवीं पास बताई जा रही है ऐसे में क्लब के मैंबर एक दूसरे पर कॉर्ड वर्ल्ड में तंज कस्ते नजर आ रहे है की आप का क्या होगा ₹ जनाब-ए-आली ₹ क्या उनपर भी कार्यवाही एवं सदस्ता रद्द होगी ?

### क्या कहता है कन्सिट्यूशन अर्थात नियम ?

महिला एवं पुरुष दोनों के लिए क्लब की सदस्यता के लिए 25 वर्ष से अधिक आयु और न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता ग्रेजुएट हो या जिन्होंने उच्च माध्यमिक/प्लस-टू के बाद किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में तीन वर्ष का कोर्स किया हो ?

### क्या अकेले मैम्बर ही दोषी ?

जाली डिग्री मामले में बुद्धिजीवियों में तर्क जारी है। मैम्बरों का मन्ना है की क्या अकेला मैंबर ही दोषी है उस समय की मैनेजिंग कमेटी की मैंबरों पर भी जाँच एवं कार्यवाही होनी चाहिए और जानबूझ कर सच छिपाने वालों को भी जाँच की राडार में लेना चाहिए।

### बहुत कठिन है डगर पनघट की : प्रेजिडेंट पर टिकी आँखे

सतलुज क्लब जोकि एक सरकारी क्लब है के सविधान अनुसार महानगर का वर्तमान डीसी ही क्लब का प्रेजिडेंट है अब जाली डिग्री के आधार पर मैम्ब्रशिप का मामला अंतिम फैंसले के लिए डीसी के पास आरक्षित है। बुद्धिजीवियों की माने तो मामले में फैंसला बहुत कठिन है डगर पनघट की कहावत जैसा है क्योकि अगर शिक्षा की बात है तो कई राजनेता मैम्बरों की शिक्षा भी ग्रैजुएशन से कम है।

# मोहाली में साइबर ठगी का खुलासा: एआई से फर्जी वीडियो बनाकर महिला से 3.10 लाख रुपये ठगे, तीन भाई गिरफ्तार

मोहाली/यूटर्न/ 12 मार्च। पंजाब में साइबर ठगी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। पंजाब पुलिस की साइबर क्राइम विंग ने मोहाली में कार्रवाई करते हुए तीन सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है, जो खुद को ज्योतिषी और धार्मिक गुरु बताकर लोगों को ठगी का शिकार बनाते थे। पुलिस के अनुसार आरोपी सोशल मीडिया के जरिए लोगों को अपने जाल में फंसाते थे। एक महिला की शिकायत के बाद कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभिषेक भार्गव, आकाश भार्गव उर्फ अमन और लकी भार्गव को गिरफ्तार किया है। तीनों मूल रूप से राजस्थान के झुंझुनूं जिले के रहने वाले हैं और फिलहाल मोहाली में रह रहे थे।



### एआई तकनीक से बनाया आपत्तिजनक वीडियो

जांच में सामने आया कि आरोपियों ने पीड़िता से उसकी निजी समस्याओं का समाधान कराने के नाम पर संपर्क किया और धीरे-धीरे उसका भरोसा जीत लिया। इसके बाद 'अरदास' और धार्मिक उपाय कराने के बहाने अलग-अलग बैंक खातों में उससे करीब 3.10 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए।

इतना ही नहीं, आरोपियों ने आर्टिफिशल इंटेलीजेंस तकनीक का इस्तेमाल कर पीड़िता का आपत्तिजनक वीडियो तैयार किया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर पैसे वसूलते रहे।

### सोशल मीडिया पर बनाए थे फर्जी प्रोफाइल

पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपियों ने इंस्टाग्राम और व्हाट्सप्प पर कई फर्जी प्रोफाइल बना रखे थे। पीड़िता से महिला की आवाज में बात करने के लिए उन्होंने वॉइस-चेंजिंग सॉफ्टवेयर का भी इस्तेमाल किया, ताकि उसे किसी तरह का शक न हो।

### कनाडा के नंबरों का करते थे इस्तेमाल

आरोपी बातचीत के लिए कनाडा के मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल करते थे, ताकि पीड़ितों को लगे कि वे विदेश से संपर्क कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि इस गिरोह से जुड़े अन्य मामलों और संभावित पीड़ितों की भी जांच की जा रही है।

साइबर क्राइम पुलिस ने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर किसी भी अनजान व्यक्ति के झांसे में न आएं और किसी के साथ भी अपनी निजी जानकारी साझा करने से बचें।

# लुधियाना में शादी का झांसा देकर युवती से संबंध बनाए , 24 लाख रुपए भी ठगे

पंजाब /यूटर्न/ 12 मार्च। लुधियाना में शादी का झांसा देकर युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाने और लाखों रुपए ठगने का मामला सामने आया है। थाना डिवीजन नंबर-4 की पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रेप और धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग जगहों पर छापामारी की जा रही है। पुलिस को दी शिकायत में युवती ने बताया कि आरोपी ने उससे शादी करने का वादा किया था। इस भरोसे में उसने उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। आरोप है कि इसी दौरान आरोपी ने काम-काज सेट करने के अलग-अलग बहाने बनाकर उससे करीब 24 लाख रुपए भी ऐठें लिए। जब युवती ने उस पर शादी करने के लिए दबाव बनाया तो आरोपी टालमटोल करने लगा। बाद में उसे पता चला कि आरोपी ने शादी करने का इरादा ही नहीं रखा था और उसने उसे धोखे में रखा।पीड़िता की शिकायत पर थाना डिवीजन नंबर-4 की पुलिस ने मोहम्मद अकबर जैदी पुत्र लेट अकबीर हुसैन जैदी निवासी गांव मुजेडा, जिला जौनपुर (यूपी) के खिलाफ धारा 376 और 420 क्ढव के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।



# जालंधर में बस स्टैंड के पास मिला युवक का शव:सिरिंज और बोतल बरामद, ड्रग ओवरडोज की आशंका, एक हफ्ते में तीसरी घटना

पंजाब/यूटर्न/ 12मार्च। जालंधर देहात के मेहतपुर इलाके में 23 वर्षीय युवक अनमोल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। खुरमपुर गांव निवासी अनमोल का शव मेहतपुर बस स्टैंड के पास मिला, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। प्रारंभिक आशंका जताई जा रही है कि उसकी मौत ड्रग ओवरडोज के कारण हुई है, हालांकि पुलिस ने अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। जानकारी के अनुसार, अनमोल का शव मेहतपुर पुलिस स्टेशन से लगभग आधा किलोमीटर दूर पाया गया। मौके से एक सिरिंज और एक बोतल भी बरामद होने की बात कही जा रही है, लेकिन पुलिस ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। मृतक की मां का रोते हुए एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। मेहतपुर पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और कहा है कि मौत के सही कारणों का खुलासा रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। बता दे कि यह एक सप्ताह में इलाके में तीसरी संदिग्ध मौत है। इससे पहले, 7 मार्च को उधोवाल गांव का कबड्डी खिलाड़ी वंश गांव से करीब तीन किलोमीटर दूर बालोकी खेड़ा रोड पर मृत पाया गया था। उस मामले में भी लोगों ने ड्रग ओवरडोज से मौत की आशंका जताई थी, लेकिन किसी अधिकारी ने इसकी पुष्टि नहीं की थी। दो सप्ताह पहले, बूटे दियां चन्नन गांव के सरपंच महिंदर सिंह की भी मौत हो गई थी। ड्रग तस्करी के खिलाफ आवाज उठाने वाले सरपंच पर हमलावरों ने हमला किया था, जिसके बाद 6 मार्च को इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। इस मामले में विवाद बढ़ने के बाद मेहतपुर थाने के एक मुंशी को निलंबित भी किया गया था। पेंडू मजदूर यूनियन के नेता तरसेम पीटर ने बताया कि ड्रग तस्करों के खिलाफ बोलने वाले सरपंच की हत्या के बाद से इलाके के लोग डर के माहौल में जी रहे हैं।






# एचसीएस अधिकारियों की एपीआर अब ऑनलाइन दर्ज होगी

चंडीगढ़/यूटर्न/ 12 मार्च। हरियाणा सरकार ने सभी विभागों को हरियाणा सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) के अधिकारियों की वर्ष 2025-26 की वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट (पीएआर) राज्य के इंट्रानेट पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी द्वारा इस संबंध में जारी एक पत्र के अनुसार एचसीएस अधिकारियों की पीएआर वेबसाइट http://intrahry.gov.in पर ऑनलाइन दर्ज की जाएगी और इसे 31 दिसंबर, 2026 तक अंतिम रूप देना अनिवार्य होगा। सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, मंडलायुक्तों, उपायुक्तों तथा बोर्डों और निगमों के प्रमुखों को इन निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। पत्र के अनुसार, अधिकारी एचआरएमएस पोर्टल पर उपलब्ध अपने पेयी कोड और पंजीकृत मोबाइल नंबर के माध्यम से पोर्टल पर लॉगिन कर सकेंगे। सत्यापन के लिए पंजीकृत मोबाइल नंबर पर वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी) भेजा जाएगा। इसके अतिरिक्त डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (डीएससी) अथवा स्कैन किए गए हस्ताक्षर अपलोड कर भी प्रमाणीकरण किया जा सकेगा। अधिकारियों को 31 मई तक अपना स्व-मूल्यांकन प्रस्तुत करना होगा। रिपोर्टिंग प्राधिकारी को 31 जुलाई तक मूल्यांकन पूरा करना होगा। रिव्यूइंग प्राधिकारी को 30 सितंबर तक समीक्षा करनी होगी, जबकि स्वीकार करने वाले प्राधिकारी द्वारा 31 दिसंबर, 2026 तक रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जाएगा। 40 वर्ष से अधिक आयु के एचसीएस अधिकारियों के लिए स्वास्थ्य जांच अनिवार्य की गई है और स्व-मूल्यांकन के साथ मेडिकल रिपोर्ट का सारांश भी अपलोड करना होगा। पत्र के अनुसार कार्य निष्पादन का मूल्यांकन 1 से 10 के पैमाने पर संख्यात्मक ग्रेडिंग प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। इसमें कार्य निष्पादन, व्यक्तिगत गुणों तथा कार्यात्मक दक्षताओं को शामिल किया जाएगा। ऑनलाइन प्रणाली में यह व्यवस्था भी की गई है कि यदि निर्धारित समय-सीमा के भीतर संबंधित प्राधिकारी द्वारा कार्रवाई नहीं की जाती है तो रिपोर्ट स्वत: अगले स्तर पर अग्रेषित हो जाएगी, ताकि मूल्यांकन प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके।

# पुरे देश में गैस को लेकर मचा हाहाकार




चंडीगढ़/यूटर्न/ 12मार्च। पूरे देश में गैस को लेकर हाहाकार मचा हुआ है, हालांकि काफी जगह सिलेंडर मिल भी रहा है, पर किसी को सिलेंडर जल्दी चाहिए , जिसके चलते परेशानी हो रही है, एक परिवार जिसके घर शादी है वो सिलेंडर के लिए घूम रहा है पर उन्हें सिलेंडर नहीं मिला तो वो अपनी भांजी की शादी का कार्ड साथ उठाकर घूमने लगे , कि क्या पता सिलेंडर मिल जाए , पर उन्हें सिलेंडर नहीं मिला जिसके चलते उन्हें काफी दिक्कत हो रही है, आज भांजी की शादी है, जिसके चलते वो तैयार भी नहीं हो पाए क्योंकि सिलेंडर लेने आए , पर ना सिलेंडर मिला और भात के लिए भी देरी हो गई, अलग अलग जगहों से ऐसी खबरें आ रही है।

# गैस की किल्लत से मनीमाजरा में हंगामा, एजेंसियों के बाहर लगी भीड़

चंडीगढ़/यूटर्न/ 12 मार्च। शहर में रसोई गैस की कथित कमी को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। कई इलाकों में गैस एजेंसियों के बाहर लोगों की भीड़ जमा हो गई और गुस्साए उपभोक्ताओं ने एजेंसियों के दरवाजों पर पहुंचकर विरोध जताया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि गैस की आपूर्ति प्रभावित होने के कारण कई घरों में पिछले कुछ दिनों से चूल्हे नहीं जले हैं, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति को देखते हुए लोगों में चिंता और आक्रोश दोनों बढ़ रहे हैं।

इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए व्यापारिक संगठन के प्रधान तलविंदर सिंह ने कहा कि मौजूदा हालात से जनता में अनावश्यक घबराहट फैल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि गैस की कमी को लेकर स्थिति को ठीक



से संभाला नहीं जा रहा है, जिसके कारण लोगों को परेशान होना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार को तुरंत स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए और गैस की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

शहरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि



गैस की आपूर्ति व्यवस्था को जल्द सामान्य किया जाए और ऐसी स्थिति दोबारा न बने, इसके लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

# प्रदेश में 100 स्वास्थ्य संस्थान बने फर्स्ट रेफरल यूनिट : आरती सिंह राव

चंडीगढ़/यूटर्न/ 12मार्च। हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि राज्य सरकार ने नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) के तहत प्रदेश में द्वितीयक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 100 स्वास्थ्य संस्थानों को फर्स्ट रेफरल यूनिट (एफआरयू) के रूप में नामित किया है। इस पहल का उद्देश्य विशेष रूप से ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधाएं



उपलब्ध कराना है, ताकि गंभीर मामलों में मरीजों को त्वरित उपचार मिल सके। उन्होंने बताया कि इन एफआरयू को 24 घंटे आपातकालीन सेवाएं प्रदान करने के लिए विकसित किया जा रहा है। इन केंद्रों पर प्रसूति सेवाएं, नवजात शिशु देखभाल तथा रक्त भंडारण जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे माताओं और नवजात शिशुओं से जुड़ी आपात स्थितियों में तुरंत और प्रभावी चिकित्सा सहायता मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि इस पहल के माध्यम से राज्य सरकार का लक्ष्य हरियाणा में मातृ और नवजात मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी लाना है। इन एफआरयू के सुदृढ़ होने से गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को समय पर गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध होगा, जिससे पूरे राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता में सुधार होगा। प्रदेश में जिन 100 स्वास्थ्य संस्थानों को फर्स्ट रेफरल यूनिट (एफआरयू) के रूप में नामित किया है उनमें अंबाला जिला के 5 संस्थान हैं।

# कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खैहरा ने अपमानजनक टिप्पणियां करने के बाद सदन में माफी मांगने से किया इनकार: चीमा

चंडीगढ़/यूटर्न/ 12मार्च। पंजाब विधानसभा ने आज बड़े बहुमत से कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खैहरा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन (ब्रीच ऑफ प्रिविलेज) का मामला प्रिविलेज कमेटी को सौंपने के लिए प्रस्ताव पारित किया। कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा द्वारा पेश किए गए इस प्रस्ताव में विधायक के हालिया अपमानजनक बयानों और गैर-संसदीय व्यवहार का उल्लेख किया गया है, जिसे सदन ने अपने निर्वाचित सदस्यों, संविधान और जनता का सीधा अपमान माना।

प्रस्ताव की पृष्ठभूमि के बारे में बताते हुए कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा, 'अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग विधायक सुखपाल सिंह खैहरा द्वारा 10 मार्च 2026 को की गई सोशल मीडिया पोस्टों से उठी है। इन सार्वजनिक बयानों में उन्होंने स्पीकर, कैबिनेट मंत्रियों और आम आदमी पार्टी के विधायकों को 'बंधुआ मजदूर' कहा था।

' सदन में प्रस्ताव पेश करते हुए उन्होंने कहा, 'ऐसी शब्दावली



संवैधानिक रूप से चुने हुए प्रतिनिधियों की गरिमा को ठेस पहुंचाती है और लोगों द्वारा दिए गए जनादेश का अपमान करती है। यह मामला 11 मार्च 2026 को और गंभीर हो गया जब विधायक सुखपाल सिंह खैहरा को सदन में अपने बयानों पर स्पष्टीकरण देने और माफी मांगने का अवसर दिया गया, लेकिन उन्होंने अपने शब्द वापस लेने से साफ इनकार कर दिया।' प्रस्ताव में यह भी उल्लेख किया गया कि 11 मार्च को विपक्ष के वॉकआउट के दौरान सदन से बाहर जाते समय सुखपाल सिंह खैहरा द्वारा किए गए बेहद आपत्तिजनक इशारों की कड़ी निंदा की गई।

# डेराबस्सी को 'गेटवे ऑफ पंजाब' के रूप में विकसित करने की मांग विधानसभा में उठी

डेराबस्सी/यूटर्न/ 12मार्च। पंजाब विधानसभा के बजट सत्र के दौरान डेराबस्सी के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने क्षेत्र को ह्यगेटवे ऑफ पंजाबह्न के रूप में विकसित करने का मुद्दा सदन में उठाया। उन्होंने सरकार से पूछा कि क्या डेराबस्सी हलके को राज्य के मुख्य प्रवेश द्वार के रूप में विकसित करने के लिए कोई मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। विधायक रंधावा



ने कहा कि डेराबस्सी चंडीगढ़ और हरियाणा से सटा हुआ क्षेत्र है, जहां से बड़ी संख्या में लोग पंजाब में प्रवेश करते हैं। ऐसे में इस इलाके को 'गेटवे ऑफ पंजाब' के रूप में विकसित करते हुए यहां सौंदर्यीकरण और आधुनिक शहरी ढांचे के विकास की आवश्यकता है।

इस पर कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सिंह सोंध ने जवाब देते हुए कहा कि पंजाब के विभिन्न प्रवेश बिंदुओं पर विरासती गेट बनाने की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि अंबाला-शंभू, डेराबस्सी और खनौरी सहित अन्य प्रमुख प्रवेश मार्गों पर आकर्षक विरासती गेट बनाए जाएंगे।

मंत्री ने कहा कि इस परियोजना के लिए फिलहाल टेंडरिंग प्रक्रिया जारी है और इसे जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि करीब एक महीने के भीतर इस दिशा में काम शुरू होने की योजना है।

# मिहिला आयोग के सामने आज पेश होंगे खैहरा व वड़िंग



पंजाब /यूटर्न/ 12 मार्च।आम आदमी पार्टी सरकार के महिलाओं को एक हजार रुपए देने का ऐलान पर कांग्रेस विधायक व नेताओं के बयान से विवाद खड़ा हो गया है। इस घोषणा के बाद कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खैहरा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाली। सोशल मीडिया पर डाली गई पोस्ट को लेकर पंजाब महिला आयोग में आज सुखपाल खैहरा व कांग्रेस प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग की पेशी होगी। सुखपाल खैहरा की पोस्ट पर विधानसभा में बाकायदा निंदा प्रस्ताव पास किया गया और इसे लेकर जमकर हंगामा हुआ। पंजाब महिला आयोग की चेयरपर्शन राजलाली गिल ने स्वतः संज्ञान लेकर सुखपाल खैहरा व पार्टी प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग को आयोग के सामने पेश होने के आदेश दिए। शू मोटो नोटिस में चेयरपर्शन ने कहा था कि सुखपाल खैहरा ने ऐसी पोस्ट डालकर महिलाओं का अपमान किया है। उन्होंने ऐसा कांग्रेस पार्टी के प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग की शह पर किया है। इसलिए दोनों को आयोग ने तलब किया है। यही नहीं चेयरपर्शन ने कपूरथला के एसएसपी को इस मामले की जांच करके आज ही रिपोर्ट पेश करने को कहा है। एसएसपी कपूरथला भी आज ही अपनी रिपोर्ट आयोग के सामने पेश करेंगे। उधर, सुखपाल सिंह खैहरा आयोग के इस नोटिस पर भी सवाल खड़े कर चुके हैं। उनका कहना है कि आयोग को उनका बयान दिख गया लेकिन मुख्यमंत्री ने वुमन डे पर जो कुछ कहा वो नहीं दिखा। विधानसभा में भी उनका पक्ष सुने बगैर निंदा प्रस्ताव पास कर दिया गया।

# शिरोमणि अकाली दल को मंडी गोबिंदगढ़ में मजबूती मिली



चंडीगढ़/यूटर्न/ 12मार्च। शिरोमणि अकाली दल को मंडी गोबिंदगढ़ में उस समय बड़ी मजबूती मिली जब बड़ी संख्या में युवा, युवा नेता कंवलदीप सिंह मंडी गोबिंदगढ़ की अगुवाई में विभिन्न पार्टियों को छोड़कर शिरोमणि अकाली दल में शामिल हुए। इन सभी का शिरोमणि अकाली दल की कोर कमेटी के सदस्य और हलका अमलोह के मुख्य सेवादार गुरप्रीत सिंह राजू खन्ना ने सिरोपा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। इस मौके पर बोलते हुए गुरप्रीत सिंह राजू खन्ना ने कहा कि युवाओं का शिरोमणि अकाली दल से जुड़ना आगामी 2027 के पंजाब विधानसभा चुनावों के मद्देनजर एक शुभ संकेत है। उन्होंने कहा कि शिरोमणि अकाली दल में शामिल होने वाले युवाओं को पार्टी में पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। इस अवसर पर राजू खन्ना ने कंवलदीप सिंह को यूथ अकाली दल जिला फतेहगढ़ साहिब का जनरल सेक्रेटरी भी घोषित किया। राजू खन्ना ने कहा कि आज पंजाब का हर निवासी आम आदमी पार्टी से परेशान होकर शिरोमणि अकाली दल के साथ जुड़ रहा है, क्योंकि आप की झूठी सरकार ने झूठी गारंटियों के जरिए लोगों को गुमराह करके पिछले समय में वोटों की ठगी की। इस ठगी का जवाब अब पंजाब के लोग 2027 में शिरोमणि अकाली दल की सरकार बनाकर देंगे। राजू खन्ना ने कहा कि झूठी सरकार की कार्यप्रणाली से पर्दा उठाने के लिए शिरोमणि अकाली दल के प्रधान सरदार सुखबीर सिंह बादल द्वारा 'पंजाब बचाओ' हलका स्तरीय रैलियां की जा रही हैं। इसी के तहत हलका अमलोह की रैली 25 मार्च को अनाज मंडी अमलोह में आयोजित की जा रही है।

# बिना आधार के बदलाव: BJP की पंजाब पिच का सामना हकीकत से



संदीप शर्मा, सम्पादक

भारतीय जनता पार्टी की मोगा में प्रस्तावित 'बदलाव रैली'- जिसे केंद्रीय गृह मंत्री संबोधित करेंगे— को पंजाब की राजनीति में एक अहम मोड़ के तौर पर पेश किया जा रहा है। इस संदेश से यह जाहिर होता है कि BJP खुद को राज्य में बदलाव का जरिया बनाने की कोशिश कर रही है। फिर भी, राजनीतिक परिदृश्य पर करीब से नजर डालने पर पार्टी की महत्वाकांक्षा और जमीनी स्तर पर उसकी संगठनात्मक हकीकत के बीच एक बड़ा अंतर दिखाई देता है। पंजाब की मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था में, BJP कभी तीसरे तो कभी चौथे स्थान पर रहती है। राज्य में मुख्य मुकाबला सत्ताधारी आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच ही बना हुआ है, जबकि शिरोमणि अकाली दल का अभी भी कुछ इलाकों में पारंपरिक प्रभाव कायम है। इस पृष्ठभूमि में, BJP की 'बदलाव' लाने की बातें एक बुनियादी सवाल खड़ा करती हैं: आखिर किस राजनीतिक आधार के जरिए यह बदलाव आएगा? आज पंजाब में BJP के नेतृत्व का एक बड़ा हिस्सा उन नेताओं से बना है जो कांग्रेस से आए हैं। सुनील जाखड़, मनप्रीत सिंह बादल और कैप्टन अमरिंदर सिंह जैसी हस्तियाँ BJP में शामिल होने से पहले कांग्रेस के जाने-माने चेहरे थे। जहाँ ये नेता अपने साथ अनुभव और पहचान लेकर आते हैं, वहीं उनकी मौजूदगी एक गहरी समस्या की ओर भी इशारा करती है: पंजाब में BJP के अपने कैडर के नेताओं ने शायद ही कभी स्वतंत्र रूप से बड़े चुनाव जीतने लायक चुनावी कद दिखाया हो। इसके कई पुराने नेताओं को तो अनुकूल परिस्थितियों में भी जीत हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा है। यह नेतृत्व ढाँचा एक बुनियादी राजनीतिक सवाल खड़ा करता है। अगर पार्टी के सबसे जाने-पहचाने चेहरे कांग्रेस से आए हुए लोग हैं, और अगर इसके कई पारंपरिक नेताओं में पूरे राज्य में अपील की कमी है, तो BJP पंजाब में AAP या कांग्रेस जैसी पार्टियों की संगठनात्मक ताकत को चुनौती देने की योजना कैसे बना रही है? किसानों के आंदोलन की छाया में यह चुनौती और भी गंभीर हो जाती है। अब रद्द हो चुके कृषि कानूनों के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शनों ने पंजाब के ग्रामीण इलाकों के एक बड़े हिस्से में BJP के प्रति गहरी नाराजगी पैदा कर दी थी। हालाँकि उन घटनाओं को काफी समय बीत चुका है, लेकिन इतनी बड़ी राजनीतिक चोटें इतनी आसानी से नहीं भरतीं। BJP के लिए, ग्रामीण इलाकों में फिर से विश्वास कायम करना अभी भी एक अधूरा काम है, और इस प्रक्रिया के लिए सुर्खियाँ बटोरने वाली रैलियों के बजाय जमीनी स्तर पर लगातार जुड़ाव की जरूरत है। यहीं पर मोगा रैली राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हो जाती है। इस कार्यक्रम की सफलता या असफलता का आकलन केवल भाषणों से नहीं, बल्कि इसमें जुटने वाली भीड़ और इससे पैदा होने वाले उत्साह से किया जाएगा। बड़ी राजनीतिक सभाएँ अक्सर बहुत सोच-समझकर आयोजित किए गए तमाशे होते हैं, लेकिन फिर भी, कुछ संकेत अंदरूनी माहौल को जाहिर कर देते हैं। देखने वालों को तीन आसान संकेतों पर नजर रखनी चाहिए। पहला, भीड़ का आकार: असल में कितने लोग आए हैं, न कि सिर्फ़ आयोजकों द्वारा बताए गए आँकड़े। दूसरा, दर्शकों की प्रतिक्रिया: क्या वे नारे लगाते हैं, तालियाँ बजाते हैं और नारों का जवाब देते हैं, या फिर उनका जोश ठंडा रहता है? तीसरा, गृह मंत्री के भाषण की अवधि और लहजा: एक जोशीली रैली में नेता अक्सर लंबा भाषण दे पाता है और दर्शकों से जुड़ पाता है; वहीं एक ठंडी सभा में भाषण छोटे और ज्यादा सधे हुए होते हैं। इस कार्यक्रम को लेकर एक और सवाल भी बना हुआ है: रैली को सफल कौन बनाएगा? क्या पंजाब में BJP के पास इतनी कैडर ताकत है कि वह अपने दम पर बड़ी संख्या में लोगों को जुटा सके, या फिर वह भीड़ खींचने के लिए मुख्य रूप से केंद्रीय गृह मंत्री के रुतबे और लोकप्रियता पर निर्भर रहेगी? राजनीति में, जोश को हमेशा के लिए पैदा नहीं किया जा सकता। अगर रैली में भारी भीड़ उमड़ती है और जबरदस्त उत्साह देखने को मिलता है, तो BJP यह दावा कर सकती है कि वह अपने विरोधियों से पिछड़ने का फासला कम करने लगी है। लेकिन अगर भीड़ कम या सुस्त नजर आती है, तो इससे यह धारणा और मजबूत होगी कि पंजाब में ?बदलाव? लाने का पार्टी का सपना अभी भी संगठनात्मक ताकत के बजाय सिर्फ़ उम्मीदों पर ही टिका है। इसलिए, मोगा रैली महज एक राजनीतिक कार्यक्रम से कहीं बढ़कर होगी। यह एक परीक्षा होगी — न सिर्फ़ पार्टी के संदेश की, बल्कि पंजाब में इसकी असल स्थिति की भी।

# खरड़ में गैस की किल्लत गहराई, एजेंसियों पर लंबी लाइ:कमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति बंद, घरेलू का भी संकट, ऐप से बुकिंग में भी दिक्कत




पंजाब/ यूटर्न/ 12 मार्च।अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमले के बाद खरड़ में इन दिनों गैस की भारी किल्लत ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई तो बंद ही है। अब घरेलू गैस सिलेंडर भी आसानी से उपलब्ध नहीं हो रहे हैं। इस स्थिति के कारण लोगों को सुबह-सुबह ही गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। लोगों का आरोप है कि लगभग 20 दिन पहले बुक कराए गए घरेलू सिलेंडर भी अभी तक घरों तक नहीं पहुंचे हैं। इससे घरों की रसोई पर सीधा असर पड़ रहा है और कई परिवारों को खाना बनाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। कई उपभोक्ता दफ्तर खुलने से पहले ही सिलेंडर लेने के लिए एजेंसियों के बाहर पहुंच रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि गैस की ऑनलाइन बुकिंग भी ठीक से काम नहीं कर रही है। गैस कंपनियों के पोर्टल और मोबाइल ऐप में तकनीकी दिक्कतें आ रही हैं, जिसके चलते उपभोक्ताओं को जानकारी के लिए खुद एजेंसी जाना पड़ रहा है।

## होटल ढाबों पर काम मुश्किल

दूसरी ओर, होटल, ढाबों और छोटे कारोबारियों को भी कमर्शियल गैस की कमी से जूझना पड़ रहा है। कई दुकानदारों का कहना है कि गैस न मिलने के कारण उनके कामकाज पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। अगर यह स्थिति रही तो उन्हें एक दो दिन में ही कारोबार बंद करना पड़ेगा। लोगों का मानना है कि मध्य-पूर्व में चल रहे युद्ध का असर अब आम लोगों की रसोई तक पहुंचने लगा है। निवासियों ने प्रशासन और गैस कंपनियों से जल्द से जल्द स्थिति सुधारने की मांग की है, ताकि लोगों को इस परेशानी से राहत मिल सके। इंडेन गैस कंपनी के प्रतिनिधियों का कहना है कि केवाईसी (ड उ) न होने की वजह से भी आपूर्ति प्रभावित हो रही है। इस कारण लोग अब अपनी केवाईसी पूरी करवाने के लिए भी एजेंसियों के चक्कर लगा रहे हैं। गैस की आपूर्ति प्रभावित होने से बाजार में किल्लत लगातार बढ़ती जा रही है।

# अंबाला-चंडीगढ़ हाईवे पर पेड़ों की अवैध कटाई, फॉरेस्ट गार्ड सस्पेंड

## तीन लोगों पर केस दर्ज, डीएफओ के आदेश पर विभागीय जांच शुरू

अंबाला/यूटर्न/ 12 मार्च। चंडीगढ़ हाईवे पर इडस हॉस्पिटल के सामने करीब तीन दर्जन हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई के मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। मामले में लापरवाही और मिलीभगत के आरोप में फॉरेस्ट गार्ड को सस्पेंड कर दिया गया है, जबकि पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मौके का मुआयना करने के बाद डीएफओ अमनीत सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार हाईवे के किनारे करीब 25 से 30 पेड़ कटे हुए पाए



गए। जांच के दौरान लालरू बीट के इंचार्ज फॉरेस्ट गार्ड रघबीर सिंह और ब्लॉक ऑफिसर अमर सिंह से इस बारे में स्पष्टीकरण मांगा गया, लेकिन दोनों कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए।

इसके बाद विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए फॉरेस्ट गार्ड रघबीर सिंह को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया। वहीं ब्लॉक ऑफिसर अमर सिंह के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है।

दूसरी ओर, इस मामले में जीएमआर प्रभारी संतोष सिंह की शिकायत पर डेराबस्सी थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने सुखविंदर सिंह, अकरम और साहिल के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सेक्टर -32 अस्पताल में नवनियुक्त मेडिकल सुपरिटेंडेंट विशाल गुग्लानि का यूनियन ने किया स्वागत

चंडीगढ़/यूटर्न/ 12 मार्च। सेक्टर-32 अस्पताल में नव नियुक्त मेडिकल सुपरिटेंडेंट विशाल गुग्लानि का गुरुवार को जीएमसीएच ऑल कांट्रेक्टर वर्कर यूनियन की ओर से गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान यूनियन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट कर और मुंह मीठा कराकर शुभकामनाएं दीं। यूनियन प्रतिनिधियों ने कहा कि अस्पताल के नए नेतृत्व से



कर्मचारियों और मरीजों दोनों को बेहतर सुविधाएं मिलने की उम्मीद है। उन्होंने विश्वास जताया कि नए मेडिकल सुपरिटेंडेंट के मार्गदर्शन में अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार होगा और कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों का सकारात्मक समाधान निकलेगा। यूनियन की ओर से अस्पताल के विकास, कर्मचारियों के हितों की सुरक्षा और बेहतर कार्य वातावरण बनाने के लिए हर संभव सहयोग देने का भरोसा भी दिया गया।

नव नियुक्त मेडिकल सुपरिटेंडेंट ने यूनियन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अस्पताल में कार्यरत सभी कर्मचारियों के सहयोग से मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने और अस्पताल की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे।

# चंडीगढ़ पीओ सेल पुलिस ने 5 घोषित अपराधी को किया गिरफ्तार

चंडीगढ़/यूटर्न/ 12 मार्च। चंडीगढ़ पुलिस ने घोषित अपराधियों (पीओ) के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए 5 फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एसएसपी यूटी चंडीगढ़ के निर्देशों पर डीएसपी डीसीसी विजय सिंह की निगरानी में पीओ एवं समन स्टाफ की टीम ने की। टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर राम रतन कर रहे थे।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए पांच आरोपियों में 3 राज्य मामलों के पीओ और 2 चेक बाउंस (एनआई एक्ट) मामलों के पीओ शामिल हैं।






### गिरफ्तार किए गए आरोपियों का विवरण

☐ सेक्टर-49 चंडीगढ़ निवासी अनिल उर्फ गोलू (23) को जुआ अधिनियम के तहत दर्ज मामले में गिरफ्तार किया गया। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां जुर्माना भरने के बाद उसे रिहा कर दिया गया।

☐ चंडीगढ़ सेक्टर 52 निवासी सीरत गिल को धोखाधड़ी और अन्य धाराओं के तहत दर्ज मामले में गिरफ्तार किया गया। आरोपी को अदालत में पेश करने के बाद 19 मार्च 2026 तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

☐ दिल्ली तिलक नगर निवासी चुक्स को एनडीपीएस एक्ट के मामले में गिरफ्तार किया गया। अदालत में पेशी के बाद उसे 6 अप्रैल 2026 तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

☐ मोहाली जगतपुरा निवासी अजय को नेगोटिबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट , 1881 की धारा 138 के तहत दर्ज चेक बाउंस मामले में गिरफ्तार किया गया। अदालत में पेश करने के बाद आरोपी को जमानत मिल गई।

☐ मलोया निवासी बलविंदर, को भी धारा 138 एनआई एक्ट के मामले में गिरफ्तार किया गया। अदालत में पेशी के बाद उसे निजी मुचलके पर रिहा कर दिया गया।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि फरार आरोपियों को पकड़कर कानून के दायरे में लाया जा सके।

# स्वच्छता सरकार की जिम्मेदारी के साथ-साथ समाज के हर नागरिक का भी है नैतिक कर्तव्य-खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम



चंडीगढ़/यूटर्न/ 12 मार्च। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए प्रदेश के खेल राज्य मंत्री श्री गौरव गौतम ने आज पलवल स्थित अनाज मंडी में आयोजित स्वच्छता अभियान के अंतर्गत कूड़ेदान वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर लगभग 250 कूड़ेदान वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य बाजार क्षेत्र को स्वच्छ, व्यवस्थित और पर्यावरण के अनुकूल बनाना है। खेल राज्य मंत्री श्री गौरव गौतम ने अनाज मंडी के दुकानदारों और आढ़तियों को कूड़ेदान वितरित करते हुए उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सरकार की जिम्मेदारी के साथ-साथ समाज के हर नागरिक का भी नैतिक कर्तव्य है। यदि सभी लोग मिलकर अपने आसपास सफाई बनाए रखने का संकल्प लें, तो शहरों और बाजारों को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अनाज मंडी और सब्जी मंडी किसी भी शहर की आर्थिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र होती हैं। यहां रोजाना हजारों लोग खरीदारी के लिए आते हैं, इसलिए इन स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वे कचरा इधर-उधर फेंकने के बजाय कूड़ेदान में डालें और अपने ग्राहकों को भी स्वच्छता के प्रति प्रेरित करें। खेल राज्य मंत्री ने कहा कि केंद्र और हरियाणा सरकार प्रदेश में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। नगर निकायों के माध्यम से बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और आवासीय क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। स्वच्छता अभियान के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। स्वच्छ वातावरण न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है, बल्कि इससे शहर की छवि भी बेहतर बनती है। स्वच्छ और व्यवस्थित बाजारों में लोगों का विश्वास बढ़ता है और व्यापार को भी बढ़ावा मिलता है।

# 28वां वार्षिक आंखों का नि:शुल्क कैम्प भाई कन्हैया जी चैरिटेबल ब्लड सेंटर एवं हस्पताल में 16 मार्च को लगाया जाएगा: जसदीप सिंह पाहवा

### इस कैम्प के दौरान आंखों के रोग विशेषज्ञ डॉ. नवनीत गुलजार सिंह मरीजों की जांच करेंगेल : जसदीप सिंह पाहवा



हुशियारपुर/यूटर्न/ 12 मार्च। गुरुद्वारा मिठा टिवाणा हुशियारपुर की ओर से महंत बाबा तारा सिंह जी सेवापंथी जी की याद को समर्पित 28वां वार्षिक आंखों का नि:शुल्क कैम्प भाई कन्हैया जी चैरिटेबल ब्लड सेंटर एवं हस्पताल में 16 मार्च को प्रात: 10 बजे से 1 बजे तक लगाया जा रहा है। इस संबंधी जानकारी देते हुए अध्यक्ष जसदीप सिंह पाहवा ने बताया कि इस कैम्प के दौरान आंखों के रोग विशेषज्ञ डॉ. नवनीत गुलजार सिंह कैम्प में आए मरीजों की आंखों की जांच करेंगे तथा ऑपरेशन करेंगे। इस कैम्प के दौरान मरीजों को चश्मे एवं दवाइयां नि:शुल्क दी जाएंगी।

# पुलिस को देख लिफाफा फेंक कर भागने लगा युवक, पीछा कर पकड़ा; 10 ग्राम चिट्टा बरामद

जगरांव/यूटर्न/12/मार्च। थाना सदर जगरांव के अधीन आती पुलिस चौकी काउंके कलां की पुलिस ने 10 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) सहित एक युवक को काबू किया है। पुलिस की क्राइम रिपोर्ट के अनुसार, जांच अधिकारी अरकधर्मेंद्र सिंह पुलिस पार्टी के साथ गांव मलक से बोदलवाला की ओर जा रहे थे। श्मशान घाट के पास सामने से आ रहा एक युवक पुलिस की गाड़ी देखकर घबरा गया। उसने अपने हाथ में पकड़ा लिफाफा जमीन पर फेंक दिया और खेतों की तरफ तेजी से भागने लगा। अरकधर्मेंद्र सिंह ने पुलिस पार्टी की मदद से मुस्तैदी दिखाते हुए उसे धर दबोचा। पूछताछ में उसकी पहचान परदीप सिंह उर्फ पैरी (पुत्र नछत्तर सिंह, निवासी गांव बोदलवाला) के रूप में हुई।

# दुबई में ईरान का ड्रोन हमला, कहा - युद्ध लंबा खींचने से नहीं डरते



चंडीगढ़/यूटर्न/ 12 मार्च। दुबई के अधिकारियों ने गुरुवार को एक 'ड्रोन हमले' की जानकारी दी। यह तब हुआ जब AFP के एक संवाददाता ने शहर के मुख्य इलाके में धमाकों की आवाज सुनी। ईरान, अमेरिका और इजराइल के हमलों के जवाब में खाड़ी क्षेत्र में अपना अभियान जारी रखे हुए है।

दुबई सरकार के मीडिया कार्यालय ने '' (पहले ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, 'दुबई के अधिकारी अल बदा'आ इलाके में हुए ड्रोन हमले पर कार्रवाई कर रहे हैं। किसी के घायल होने की खबर नहीं है।' AFP के संवाददाता ने अल बदा'आ के रिहायशी इलाके के ऊपर धुएं के छोटे-छोटे बादल उठते देखे, जो कुछ ही देर में छंट गए। 28 फरवरी को मध्य-पूर्व में युद्ध शुरू होने के बाद से खाड़ी क्षेत्र को ईरान के हमलों का सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा है। इस क्षेत्र में अब तक 24 लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें सात अमेरिकी सैनिक और 11 आम नागरिक शामिल हैं। इससे पहले आज, ब्रिटिश सेना के 'यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर' के अनुसार, फारसी खाड़ी में दुबई के तट के पास एक कंटेनर जहाज पर किसी चीज से हमला हुआ, जिससे जहाज में छोटी सी आग लग गई। सेंटर ने बताया कि जहाज का चालक दल सुरक्षित है। बहरीन में, ईरान के एक हमले के कारण मुहर्रक द्वीप पर भीषण आग लग गई। इसी द्वीप पर देश का अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी स्थित है। हवाई अड्डे पर जेट ईंधन के टैंक हैं, और इस इलाके में मौजूद अन्य टैंक देश के तेल उद्योग की जरूरतों को पूरा करते हैं।

कुवैत के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि ईरान का एक ड्रोन एक रिहायशी इमारत से टकरा गया, जिससे दो लोग घायल हो गए। वअए ने कहा कि उसने दुबई को हमलों से बचाने के लिए दो बार अपनी हवाई सुरक्षा प्रणाली को सक्रिय किया। इसके अलावा, दुबई क्रीक हार्बर में एक ड्रोन टकराने के बाद एक टावर में लगी आग को दमकलकर्मियों ने बुझा दिया।

सऊदी अरब ने बताया कि उसने राजधानी रियाद के राजनयिक इलाके को निशाना बनाने वाले एक ड्रोन को मार गिराया। साथ ही, उसने देश के पूर्वी हिस्से में भी कई ड्रोन मार गिराने की जानकारी दी, जिनमें से कम से कम एक ड्रोन उसके 'शायबा तेल क्षेत्र' को निशाना बनाने की कोशिश कर रहा था।

# वर्तमान और पिछली सरकारों ने पंजाब को कर्ज के बोझ तले तबाह कर दिया : सिंगडीवाल



दलजीत अजनोहा

हुशियारपुर/यूटर्न/ 12 मार्च। पंजाब पर 4 लाख करोड़ का कर्ज होने की चर्चा ने जोर पकड़ लिया है और मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पिछली सरकारों पर भांड़ा फोड़कर सुरखरू होने की झूठी कोशिश की है। लेकिन पिछली अकाली-भाजपा और कांग्रेस सरकारों ने पंजाब पर ढाई लाख करोड़ कर्ज चढ़ाया और अब भगवंत मान की सरकार ने पंजाब सिर सवा लाख करोड़ का कर्ज चढ़ा दिया। इन विचारों का प्रगटावा गुरनाम सिंह सिंगडीवाल, जिला अध्यक्ष शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) ने संदीप सिंह खालसा जिला यूथ अध्यक्ष और मनजिंदर सिंह जोहल जनरल सचिव सर्कल टांडा की उपस्थित में बातचीत करते हुए किया। इस अवसर पर सिंगडीवाल ने कहा कि सत्ता में आने से पहले मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान विकास के बड़े-बड़े दावों के साथ-साथ पंजाब सिर चढ़ा कर्ज उतारने की बड़ी-बड़ी डींगें मार रहे थे। लेकिन अब भगवंत मान सरकार ने भी बड़े पैमाने पर कर्ज लेकर पंजाब को कर्ज की मार के नीचे ला दिया, जिसे पंजाब के लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे और आने वाली चुनावों में इसका मुंह तोड़ जवाब देंगे।

# चंडीगढ़ में वर्षों से एक ही पद पर तैनात अधिकारियों पर सवाल, संसद में उठा मुद्दा

चंडीगढ़/यूटर्न/ 12 मार्च। यूटी प्रशासन के विभिन्न विभागों में लंबे समय से एक ही सीट पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादले न होने का मामला अब राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच गया है।

चंडीगढ़ से सांसद मनीष तिवारी ने संसद में यह मुद्दा उठाते हुए सवाल किया कि कई विभागों में अधिकारी और कर्मचारी 10 से 15 वर्षों से एक ही पद पर कार्यरत हैं, जबकि नियमों के अनुसार संवेदनशील पदों पर नियमित तबादले होने चाहिए।

इस मुद्दे के सामने आने के बाद चंडीगढ़ एडमिनिस्ट्रेशन ने सभी विभागों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से विभागों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने यहां तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति अवधि की पूरी जानकारी उपलब्ध कराएं। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि जानकारी देने में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित विभागों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।



## कई विभागों में लंबे समय से जमे कर्मचारी

बताया जा रहा है कि यूटी प्रशासन के अधीन कई विभागों में अधिकारी वर्षों से एक ही पद पर कार्यरत हैं।

इनमें म्युनिसिपल कारपोरेशन चंडीगढ़, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग और पुलिस विभाग जैसे प्रमुख विभाग शामिल हैं।

पहले भी यूटी विजिलेंस की ओर से यह निर्देश दिया गया था कि गजेटेड अधिकारियों और संवेदनशील पदों पर तैनात कर्मचारियों का हर तीन वर्ष में तबादला किया जाए, लेकिन कई मामलों में इन निर्देशों का पालन नहीं किया गया।

### शिक्षा विभाग में भी बड़े फेरबदल की तैयारी

सूत्रों के अनुसार चंडीगढ़ के शिक्षा विभाग में भी लंबे समय से एक ही स्कूल या कॉलेज में कार्यरत शिक्षकों, प्रिंसिपलों और नॉन-टीचिंग स्टाफ के तबादले की तैयारी की जा रही है। नए शैक्षणिक सत्र से पहले पांच वर्ष से अधिक समय से एक ही संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों को स्थानांतरित करने की योजना बनाई जा रही है। इस संबंध में यूटी सचिवालय ने विभाग से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है और इसी सप्ताह शिक्षा सचिव की अध्यक्षता में एक अहम बैठक भी प्रस्तावित है। माना जा रहा है कि संसद में मामला उठने के बाद प्रशासनिक स्तर पर बड़े पैमाने पर तबादले किए जा सकते हैं।




# अमृतसर में तड़के बारिश और ठंडी हवाओं ने बदला मौसम: कई दिनों की गर्मी से परेशान-लोगों को मिली बड़ी राहत, ठंडक से खिले चेहरे

पंजाब/ यूटर्न/ 12 मार्च। गुरु नगरी अमृतसर में मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। सुबह करीब 5 बजे तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई, जिससे शहर का मौसम सुहावना हो गया और तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। पिछले कई दिनों से पड़ रही गर्मी और उमस से परेशान लोगों को इस बारिश से बड़ी राहत मिली है। बारिश के कारण पूरे शहर में ठंडक महसूस की जाने लगी। लंबे समय से बढ़ती गर्मी के कारण लोग परेशान हो रहे थे, लेकिन इस बदलते मौसम ने लोगों के चेहरों पर मुस्कान ला दी। बारिश के चलते शहर का मौसम काफी



ठंडा और खुशनुमा हो गया है। ठंडी हवाओं और बारिश की फुहारों ने पूरे माहौल को तरोताजा कर दिया। कई लोग इस सुहावने मौसम का आनंद लेते नजर आए। सुबह सैर पर निकले अमृतसर निवासी प्रदीप शर्मा ने बताया कि पिछले दो-तीन दिनों से शहर में गर्मी काफी बढ़ गई थी, जिसके कारण लोगों ने एसी चलाने भी शुरू कर दिए थे। ऐसा लग रहा था कि गर्मी का मौसम समय से पहले ही शुरू हो गया है। लेकिन आज हुई बारिश ने मौसम को पूरी तरह बदल दिया है। उन्होंने कहा कि इस बारिश से वातावरण में ताजगी आ गई है और इस सुहावने मौसम का आनंद लेना काफी अच्छा लग रहा है।

# मेहनत करो, आगे बढ़ो और जिंदगी को करो इन्जॉय: औजला

दिनेश मौदगिल

लुधियाना/यूटर्न/ 12मार्च। प्रसिद्ध गायक मनी औजला का नया गाना नेम मनी अभी हाल ही में रिलीज हुआ और रिलीज होते ही इस गीत ने धूम मचा दी है और पंजाबी म्यूजिक लवर्स ने इस गीत को काफी पसंद किया है। यह गीत दुबई की खूबसूरत लोकेशंस में फिल्माया गया है। इसे गाने के साथ साथ लिखा भी उन्होंने खुद ही है। ऑलराउंडर कलाकार मनी औजला एक गायक होने के साथ साथ एक अच्छे गीतकार और म्यूजिक डायरेक्टर भी हैं। अपने प्रशंसकों को अपने गीतों का इंतजार करवाने वाले मनी औजला का कहना है कि अब वह अपने प्रशंसकों को गीत का इंतजार नहीं करवाएंगे बल्कि जल्दी जल्दी कुछ दिनों बाद ही अपने नए गीत रिलीज करेंगे। प्रसिद्ध पत्रकार अजायब के पुत्र हैं मनी: कलाकारी क्षेत्र में ऊँचाइयों को छुने वाले मनी औजला एक प्रसिद्ध पत्रकार अजायब सिंह औजला के पुत्र हैं और मनी का मानना है कि उनके पिता जी के कारण घर का माहौल ऐसा था कि उन्होंने गायकी लाइन को चुना। इसके



बाद सबसे पहले मनी ने हरभजन मान के साथ शुरूआत की और इसके बाद अमरिंदर गिल, मलकीत सिंह व कई अन्य प्रसिद्ध गायकों के साथ कोर्स किया। सभी गायकों से प्राप्त ज्ञान को अपने दिमाग में रखा। उनका कहना है कि अमरिंदर गिल काफी सुलझे हुए इंसान हैं और उनसे काफी कुछ सीखने को मिला। उनकी कलाकारी देखकर मेरे दिल को बहुत सकून मिलता है। यो यो हनी सिंह भी रहें हैं दिल के करीब: यो यो हनी सिंह के ग्रुप माफिया मंडीर के अहम गायक रहे मनी औजला का मानना है कि वह शुरू से ही इस ग्रुप का हिस्सा रहे और ग्रुप के पहले शो से अंतिम शो तक इकट्ठे शोज किए और उस समय इतने शो किए कि नींद भी जहाजों में पूरी करनी पड़ती थी। जितना भी ग्रुप के साथ काम किया बहुत अच्छा रहा। उन्होंने कहना है कि उस समय ग्रुप में से उनकी हनी सिंह के साथ सबसे अच्छी बॉन्डिंग थी और रोजाना इकट्ठे ही ट्रैवल करते थी। उस समय वह मेरे सबसे करीबी थे।

सफलता के समय भी जमीन से जुड़े रहना चाहिए: मनी औजला का मानना है कि जब सफलता मिलती है तो शोहरत दिमाग पर चढ़ती है मगर उस समय शोहरत को दिमाग पर हावी नहीं होने देना चाहिए बल्कि सफलता के समय भी अपने दिमाग का प्रयोग करके जमीन के साथ जुड़े रहना चाहिए। इसी से आपको ओर अधिक सफलता हासिल होती है। मनी ने कहा कि मेहनत करो, आगे बढ़ो और सफलता के साथ जिंदगी को इन्जॉय करो।

# चंडीगढ़ पुलिस ने घरेलू हिंसा और दहेज कानून पर जांच अधिकारियों के लिए आयोजित की कार्यशाला

चंडीगढ़/यूटर्न/ 12 मार्च। महिलाओं से जुड़े अपराधों की जांच को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से चंडीगढ़ पुलिस ने जांच अधिकारियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यशाला 12 मार्च 2026 को सेक्टर-26 स्थित रिक्रूटमेंट ट्रेनिंग सेंटर चंडीगढ़ के मल्टीमीडिया हॉल में आयोजित की गई।





कार्यक्रम का आयोजन एसपी/हेडक्वार्टर एवं ट्रेनिंग Manjeet के मार्गदर्शन तथा डीएसपी ट्रेनिंग Amrao Singh की देखरेख में किया गया। इसमें विभिन्न पुलिस थानों, विशेष रूप से महिला थाना के जांच अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में अधिवक्ता मंजीत कौर ने भाग लिया और पुलिस अधिकारियों को द प्रोटेक्शन ऑफ वीमेन फ्रॉम डोमेस्टिक वॉइलेंस एक्ट, 2005, डाउरी प्रोहिबीशन एक्ट, 1961 तथा वैवाहिक विवादों से जुड़े कानूनी प्रावधानों और जांच से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को घरेलू हिंसा और दहेज से जुड़े मामलों में कानूनी प्रक्रियाओं, साक्ष्य जुटाने के तरीकों और जांच की बेहतर कार्यप्रणाली के बारे में जागरूक किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य जांच अधिकारियों की पेशेवर क्षमता को मजबूत करना और ऐसे संवेदनशील मामलों को प्रभावी ढंग से संभालने की समझ विकसित करना था।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कांस्टेबल से लेकर सब-इंस्पेक्टर रैंक तक के कुल 80 पुलिस कर्मियों ने भाग लिया और इंटरैक्टिव सत्रों में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया।

# नशा तस्करों की जानकारी पुलिस को दें, नाम रहेगा गुप्त: एसएसपी अंकुर गुप्ता

मुल्लांपुर/यूटर्न/ 12 मार्च। पंजाब सरकार की 'नशे के विरुद्ध युद्ध' मुहिम के तहत मुल्लांपुर दाखा के डॉ. बी.आर. अंबेडकर भवन में लुधियाना (देहाती) पुलिस द्वारा एक जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और समाज विरोधी तत्वों के खिलाफ एकजुट करना था। सेमिनार का आयोजन डीएसपी वरिंदर सिंह खोसा के नेतृत्व में किया गया, जिसमें एसएसपी जगराओं डॉ. अंकुर गुप्ता (आईपीएस) मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ एसपी





(मुख्यालय) रमिंदर सिंह भी उपस्थित रहे।

एसएसपी डॉ. अंकुर गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि नशे के कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून से ऊपर कोई नहीं है और पंजाब पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है।

उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखें और समय-समय पर उनके मोबाइल फोन भी जांचें, क्योंकि समाज विरोधी तत्व अक्सर सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं को अपने जाल में फंसाते हैं।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रकट की शोक संवेदनाएं

हरियाणा/यूटर्न/ 12मार्च। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को कैथल पहुंचकर शोक संवेदनाएं प्रकट की। सबसे पहले मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी हैफेड के पूर्व चेयरमैन कैलाश भगत के पिता स्व. अमरनाथ भगत के निधन पर शोक प्रकट करने उनके आवास पर पहुंचें। जहां उन्होंने परिवार से मुलाकात की और अपनी संवेदनाएं प्रकट की। विदित रहे कि अमरनाथ भगत वरिष्ठ भाजपा नेता थे जिनका गत आठ मार्च को निधन हो गया था। इसके बाद मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा के आवास पर पहुंचें। जहां उनके पिता स्व. जगत सिंह मलिक के निधन पर शोक जताया इसके बाद मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्य संजय चौधरी के घर पहुंचें। जहां उनकी माता स्व. शकुंतला देवी के निधन पर शोक जताया और संवेदनाएं प्रकट की। इस अवसर पर उनके साथ हरियाणा के पंचायत एवं विकास मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



# नरेंद्र मोदी की विदेश नीति ने भारत को बर्बाद किया : हरचंद सिंह बरसटें

नई दिल्ली /यूटर्न/ 12मार्च। आम आदमी पार्टी, पंजाब के राज्य महासचिव और पंजाब मंडी बोर्ड के चेयरमैन स. हरचंद सिंह बरसट ने केंद्र की मोदी सरकार की विदेश नीति पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एकतरफा विदेश नीति के कारण आज देश को गंभीर संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश में एलपीजी को लेकर जो हाहाकार मचा हुआ है, वह केंद्र सरकार की गलत नीतियों का परिणाम है। स. बरसट ने कहा कि भारत पिछले 75 सालों से गुट निरलेप विदेश नीति अपनाता रहा। भारत कभी भी किसी एक पक्ष के साथ नहीं खड़ा हुआ, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मामलों में मध्यस्थ भूमिका निभाकर फैसले करवाता रहा है, लेकिन वर्तमान समय में ईरान-इजराइल युद्ध के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से खुले तौर पर इजराइल व अमेरिका का साथ देने के कारण ईरान के साथ भारत के संबंध प्रभावित हुए हैं, जिसका परिणाम अब देश को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में आने वाली एलपीजी और तेल का करीब 90 प्रतिशत हिस्सा हॉर्मुज जल डमरू मार्ग के माध्यम से आता है, जिस पर ईरान का नियंत्रण है और अब ईरान केवल उन देशों के जहाजों को ही वहां से गुजरने दे रहा है, जो गुट निरलेप हैं या उसके साथ खड़े हैं। ईरान के नाराज होने के कारण यह सप्लाई चेन टूट गई है, जिसके कारण पूरे भारत में हाहाकार मचा हुआ है। इस संकट का सीधा असर होटल/रेस्टोरेंट उद्योग पर पड़ रहा है। मुंबई के लगभग 20 प्रतिशत होटल/रेस्टोरेंट बंद हो चुके हैं, जबकि आने वाले दिनों में 30 से 40 प्रतिशत ओर होटल/रेस्टोरेंट बंद होने की संभावना है। इसके कारण लगभग एक करोड़ लोगों के बेरोजगार होने की संभावना है, जो भारत की अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के सामने अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए कि वे अमेरिका के दबाव के नीचे क्यों हैं और क्या वे अपने मित्र अडानी, जिस पर अमेरिका में केस दर्ज है, को बचाने की कोशिश कर रहे हैं, जिसके कारण वे भारत को बर्बाद करने वाली नीतियां बना रहे हैं।



Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372